ॐ जय हनुमत वीरा | By Rajkumar Hulchal & Anjana Raj |

ॐ जय हनुमत वीरा
स्वामी जय हनुमत वीर
संकट मोचन स्वामी
तुम हो रणधीरा
ॐ जय हनुमत वीरा

पवन पुत्र अंजनी सुत
महिमा अति भारी
स्वामी महिमा अति भारी
दु:ख दरिद्र मिटाओ
संकट सब हारी
ॐ जय हनुमत वीरा

बाल समय में तुमने
रवि को भक्षी लियो
देवन स्तुति कीन्ही
देवन स्तुति कीन्ही
तब ही छोड़ दियो
ॐ जय हनुमत वीरा

कपि सुग्रीव राम संग
मैत्री करवाई
स्वामी मैत्री करवाई
बाली मारे कपिश ही
गद्दी दिलवाई
ॐ जय हनुमत वीरा

जारी लंक को दे सिया
सुधि वानर हर्षाए
स्वामी सुधि वानर हर्षाए
कारज कठिन सुधारे
रघुवर मन भाए
ॐ जय हनुमत वीरा

शक्ति लगी लक्ष्मण के
भारी सोच भयो
स्वामी भारी सोच भयो
लाए संजीवन बूटी
दु:ख सब दूर कियो
ॐ जय हनुमत वीरा

ले पाताल अहिरावण
जब ही पैठी गयो
स्वामी जब ही पैठी गयो
ताहि मारी प्रभु लाए
जय जयकार भयो
ॐ जय हनुमत वीरा

घाटे मेहंदीपुर में शोभित
दर्शन अति भारी
स्वामी दर्शन अति भारी
मंगल और शनिचर
मेला है भारी
ॐ जय हनुमत वीरा

श्री बालाजी की आरती
जो कोई नर गावे
स्वामी जो कोई नर गावे
कहत इंद्र हर्षित मन
वांछित फल पावे
ॐ जय हनुमत वीरा

ॐ जय हनुमत वीरा
स्वामी जय हनुमत वीर
संकट मोचन स्वामी
तुम हो रणधीरा
ॐ जय हनुमत वीरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a5%90-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a4-%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-rajkumar-hulchal-anjana-raj/